
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 03.10.2022 से 08.10.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# दुबई में ग्लोबल सिटी का आयोजन

**(दिनांक 03.10.2022)**

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में दुबई में ग्लोबल सिटी पर आयोजन किया गया। हरियाणा सरकार लगातार प्रदेश में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री जी स्वयं विभिन्न बैठकों के माध्यम से विदेशी कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन के साथ बातचीत कर उन्हें हरियाणा में निवेश करने हेतू आमंत्रित करते हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री जी एक प्रतिनिधिमंडल के साथ दुबई दौरे पर गए। अपने दौरे के दौरान लगातार वहां की बड़ी कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन के साथ बैठकें कर प्रदेश में निवेश करने की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। गुरुग्राम में बनने वाली ग्लोबल सिटी सरकार की एक प्रमुख परियोजना है। इसे हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) के माध्यम से विकसित



# साप्ताहिक सूचना पत्र



किया जा रहा है।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उनका विजन इस परियोजना को गुरुग्राम के केंद्रीय व्यापार जिले के रूप में विकसित करने का है। इसके साथ ही, आधुनिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों, भविष्य उन्मुख उद्योगों, निम्न कार्बन हरित बुनियादी ढांचे और ईज ऑफ लिविंग पर अधिक ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्लोबल सिटी का डिजाइन बहुत ही प्रभावशाली और इंजीनियरिंग टीम द्वारा तैयार किया गया है, ताकि आसपास की प्रकृति को संरक्षित करते हुए एक अभूतपूर्व शहरी जीवन अनुभव दिया जा सके। उन्होनें कहा कि इस अद्वितीय, आधुनिक शहरी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के माध्यम से, जो नई तकनीक और नवाचार उद्योगों के लिए आधार के रूप में कार्य करेगा, के कारण गुरुग्राम की वैश्विक मानचित्र पर पहचान बनेगी। सम्मेलन के बाद मुख्यमंत्री ने एक–एक कर रियल एस्टेट कंपनियों के साथ विस्तार से चर्चा भी की।

उन्होंने बताया कि जीवन की गुणवत्ता, बुनियादी ढांचे और परिवेश के मामले में यह परियोजना भविष्य के शहर के लिए एक आदर्श बनेगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## दुबई में इन्वेस्ट हरियाणा शो का आयोजन

(दिनांक 04.10.2022)

**प्रभाव :** हरियाणा को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए आज दुबई में इन्वेस्ट हरियाणा शो का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हुए इस शो के दौरान संयुक्त अरब अमीरात के व्यापारिक समुदाय की ओर से काफी उत्साह देखने को मिला। रोड शो के दौरान राज्य की प्रमुख परियोजनाओं जैसे गुरुग्राम में ग्लोबल सिटी, नांगल चौधरी में इंटीग्रेटेड मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक्स हब, हिसार में इंटीग्रेटेड एविएशन हब और इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर तथा सोहना में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के बारे में जानकारियां दी गई।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने राज्य सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने और उद्योगपतियों की सुविधाओं हेतू की गई विभिन्न पहलों से अवगत करवाया। इन पहलों में सेक्टर–केंद्रित निवेशक–अनुकूल नीतियों, जीआईएस लैंड बैंक, निवेशक सुविधा प्रकोष्ठ, सिंगल रूफ क्लीयरेंस मैकेनिज्म, सेवाओं का समयबद्ध वितरण, शिकायत निवारण प्रणाली शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह सब पहलें निवेशकों के लिए हरियाणा को पसंदीदा प्रमुख गंतव्य के रूप में उभारने और प्रदेश में सुगम कारोबारी माहौल बनाने के लिए शुरू की गई।

मुख्यमंत्री जी ने संयुक्त अरब अमीरात के निवेशक समुदाय को हरियाणा की विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने और राज्य व संयुक्त अरब अमीरात के मध्य विश्वास एवं सहयोग पर दीर्घकालिक संबंध मजबूत बनाने के लिए भी आमंत्रित किया।

अपनी दुबई यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री जी ने अबू धाबी इन्वेस्टमेंट ऑथोरिटी (एडीआईए) के साथ हरियाणा में निवेश के प्रमुख अवसरों पर विस्तृत चर्चा की।



एडीआईए दुनिया के सबसे बड़े निवेश प्राधिकरणों में से एक है। इस दौरान हरियाणा को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और राज्य की बड़ी व प्रमुख परियोजनाओं में निवेश करने के अवसरों पर विचार–विमर्श किया गया। एडीआईए ग्रुप ने हरियाणा सरकार के प्रयासों की सराहना की और परियोजनाओं में गहरी दिलचस्पी दिखाई। इसके अतिरिक्त एल्डार ग्रुप के साथ राज्य सरकार के ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट पर चर्चा की गई। चर्चा का उद्देश्य ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट के विपणन और ग्रुप के मूल्यवान इनपुट प्राप्त करना था, ताकि परियोजना में भाग लेने में उनकी रुचि बढ़े। इसके साथ ही दुबई में डीपी वर्ल्ड के चेयरमैन और सीईओ सुल्तान अहमद बिन सुलेयम के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में नांगल चौधरी में एकीकृत मल्टी–मॉडल लॉजिस्टिक्स हब परियोजना पर चर्चा की गई और ग्रुप से उनके सुझाव मांगे गए।

इसके अलावा, इस दौरे का उद्देश्य राज्य के युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के अवसरों की




संभावनाएं तलाशना भी था।

उन्होनें कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए दुबई में 8 प्लेसमेंट कंपनियों के साथ बातचीत की गई है। उन्हें राज्य के युवाओं के लिए कुशल और अर्ध–कुशल मानव शक्ति प्रदान करने का प्रस्ताव दिया और राज्य सरकार आवश्यक प्रशिक्षण देने के लिए भी तैयार हैं। इन प्लेसमेंट कंपनियों ने उन पर भरोसा जताया है। इन प्लेसमेंट कंपनियों की जरुरत के मुताबिक युवाओं को ट्रेनिंग देकर विदेश में रोजगार के लिए भेजा जाएगा। यह काम हरियाणा ओवरसीज प्लेसमेंट सेल आगे बढ़ाएगी और यह सेल हरियाणा के विदेश सहयोग विभाग के अंतर्गत कार्य करेगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विदेशों में नौकरियों के लिए पीपीपी पोर्टल पर पंजीकृत अंत्योदय परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।


इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने अपनी तीन दिवसीय दुबई यात्रा को हरियाणा को निवेशकों के लिए एक प्रमुख गंतव्य बनाने और प्रदेश में एक सहज कारोबारी माहौल बनाने के लिए एक मिशन टूर बताया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## खरीफ फसलों की खरीद

(दिनांक 06.10.2022)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की 207 मंडियों में खरीफ फसलों की निर्बाध खरीद की जा रही है। 4 अक्टूबर तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा मंडियों में 11 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। मुख्यमंत्री जी ने बताया कि हैफेड द्वारा अब तक 16,000 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है। इस वर्ष बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2350 रुपये प्रति क्विंटल है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेमौसम बारिश से निश्चित रूप से किसानों की फसल का नुकसान हुआ है। राज्य सरकार द्वारा फैसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए विशेष गिरदावरी के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं। इसके अलावा, किसानों को अपनी फसल क्षति का ब्योरा ई–फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया है ताकि उन्हें समय पर मुआवजा मिल सके।



# महर्षि वाल्मीकि जयंती

(दिनांक 07.10.2022)

**प्रभाव :** महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सर्वप्रथम महर्षि वाल्मिकी आश्रम में आदि कवि वाल्मिकी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके अलावा, मुख्यमंत्री जी ने धर्मगुरुओं को माला पहनाकर उनका सम्मान किया साथ ही संगत के साथ बैठकर भजन–कीर्तन सुना।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने आश्रम में बने समरसता भवन का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश के जिन स्कूलों, कॉलेजों में छात्रावास हैं, उनमें अनुसूचित जाति या अन्य वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षण होगा। उन्होंने कहा कि सरकार जीरो ड्रॉपआउट पॉलिसी लाएगी, जिससे कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित नहीं होगा। वहीं मुख्यमंत्री ने दो नए बनने वाले छात्रावासों का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री जी ने त्रिकाल समरसता भवन के लिए भी 25 लाख रुपए जारी करने के निर्देश उपायुक्त को दिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि आज आवश्यकता है कि संत महापुरुषों के विचारों का प्रचार समाज में किया जाए। समाज को भी महापुरुषों की शिक्षा का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संतों की शिक्षाएं संपूर्ण समाज के लिए होती है न कि किसी विशेष वर्ग के लिए। महर्षि वाल्मीकि जी वेदों के ज्ञाता थे। रामायण के माध्यम से दी गई उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि महापुरुषों का विचार है कि समाज में समानता, समता और समरसता आनी चाहिए। प्रदेश सरकार ने भी इस दिशा में काम किया है। जो व्यक्ति या समाज पीछे रह गया है उसे

आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। अंत्योदय उत्थान योजना के जरिये अंतिम व्यक्ति तक लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में अब योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते, ज्यादातर योजनाओं का लाभ लोगों को घर द्वार पर मिल रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संत महापुरुषों की शिक्षाएं सार्वभौमिक व सार्वकालिक हैं। संत – महापुरुष किसी एक जाति या समाज के नहीं होते, बल्कि उनके विचार व शिक्षाएं पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं। आज के युग में भी संत – महापुरुषों की शिक्षाएं उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी उस दौर में हुआ करती थी। आज हरियाणा ऐसा पहला राज्य है, जहां पर सभी महापुरुषों की जयंतियां सरकारी तौर पर मनाई जा रही है।



# ऐतिहासिक नाडा साहिब गुरुद्वारा में नवाया शीश

(दिनांक 07.10.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के लिए अलग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के बनाये जाने के उपलक्ष्य में पंचकूला के ऐतिहासिक नाडा साहिब गुरुद्वारा में शीश नवाया और वाहेगुरू जी का शुकराना अदा करने के लिये गुरुग्रंथ साहिब के अखण्डपाठ का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जिस दिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने हरियाणा के लिये अलग सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बनाने के फैसले पर मुहर लगाई थी, उसी दिन उन्होंने निर्णय लिया था कि वे वाहेगुरू जी का शुकराना अदा करने के लिए अपनी ओर से गुरुग्रंथ साहिब के अखण्डपाठ का आयोजन करवाएंगे। उन्होंने कहा कि आज नाडा साहिब गुरुद्वारा में श्री गुरुग्रंथ साहिब के अखण्डपाठ का शुभारंभ हुआ है, जिसका 9 अक्तूबर को समापन होगा। इस अवसर पर वह स्वयं





भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा की साध संगत विशेषकर सिख समाज से अपील की, कि वे मिलजुलकर हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के माध्यम से गुरुद्वारों में लोगों की सेवा करें।

उन्होंने भारी संख्या में मौजूद संगत को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने सिखों की भावनाओं की कद्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा में अलग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के गठन के केस की अच्छे से पैरवी की। इसी का नतीजा रहा कि फैसला हरियाणा की सिख संगत के पक्ष में आया। इससे पंथ की एकता और मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री अकाल तख्त आज भी हाईएस्ट अथॉरिटी है। लेकिन जो अलग–अलग जगह गुरुद्वारे बने हैं वहां की व्यवस्था के लिए स्थानीय कमेटियां होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की व्यवस्था अलग बनाने से हमारी पंथ एकता के बीच कोई बाधा नहीं आएगी। मुख्यमंत्री जी

ने कहा कि जब नांदेड़ साहिब, पटना साहिब व दिल्ली राज्य की अलग से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बन सकती हैं तो हरियाणा में क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि ये केवल शासन और प्रबंध व्यवस्था के लिए है। धार्मिक व्यवस्था सुप्रीम होती है, सरकार की उसमें कोई दखलंदाजी नहीं होती।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 18 महीने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का चुनाव करवाएंगे तब तक एडहॉक कमेटी व्यवस्था देखेगी। चुनाव में समाज जिसे चुनेगा उसे कमेटी की कमान दी जाएगी, इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा और चुनाव के बाद एडहॉक कमेटी अपना कामकाज नई चुनी हुई कमेटी को सुपुर्द कर देगी। उन्होंने कहा कि पंचकूला में एचएसआईडीसी का प्लॉट नाडा साहिब गुरुद्वारा को देने की बात चल रही है। जल्द ही इस बारे अंतिम फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट से अपने हाथ में प्रबंधन की ताकत मिली है। उस ताकत का बखूबी



इस्तेमाल करते हुए बिना किसी भेदभाव के समाज हित में काम करेंगे। मुख्यमंत्री जी ने उम्मीद जताते हुए कहा कि पूरा सिख समाज एकता व भाईचारे की भावना से एकजुट होकर चलेगा और समाज हित में बेहतरीन कार्य करेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार की ओर से सिख समाज को पूरा सहयोग मिलेगा, सभी मिलकर समाज का भला करेंगे।

# परिवार पहचान पत्र को लेकर महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

(दिनांक 08.10.2022)

**प्रभाव :** मुख्यमंत्री जी ने महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने पीपीपी के माध्यम से अपनी तरह का नया प्रयोग किया है। आज केंद्र सरकार आधार कार्ड के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचा रही है लेकिन हमने महसूस किया कि प्रदेश में व्यक्ति नहीं बल्कि परिवार एक ईकाई है। इसे ध्यान में रखते हुए एक परिवार की यूनिक आईडी बनाने का फैसला लिया और एक महत्त्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि नवीनतम तकनीक के माध्यम से परिवार पहचान पत्र बनाया गया और इसे पूरे प्रदेश में लागू किया गया। सरकार ने पीपीपी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की इससे विभिन्न सरकारी योजनाओं की अपात्र लाभार्थियों की लीकेज खत्म हुई है। आज हरियाणा में



पीपीपी के माध्यम से न केवल सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है बल्कि जाति प्रमाण पत्र, इनकम प्रमाण पत्र आदि बनाकर आम आदमी के जीवन को सरल, सुगम और आसान बनाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार की सभी प्रकार की पेंशन को पीपीपी से जोड़ दिया गया है। इसका फायदा यह हुआ है कि किसी भी पात्र व्यक्ति को अब दफ्तरों के चक्कर लगाने

# साप्ताहिक सूचना पत्र

की जरुरत नही है। बुढ़ापा पेंशन के लिए जैसे ही कोई व्यक्ति निर्धारित उम्र पूरी करता है, विभाग के अधिकारी एक महीने पहले उससे अनुमति फॉर्म पर हस्ताक्षर करवा लेते है। इसके बाद उम्र पूरी होते ही पीपीपी के माध्यम से उसकी बुढ़ापा पेंशन स्वतः ही शुरू हो जाती है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से पिछले 4 महीनों में लगभग 12 हजार 763 नई पेंशन बनी है।

मुख्यमंत्री जी ने महाराष्ट्र के प्रतिनिधि मंडल को अवगत करवाया कि कौशल रोजगार निगम के तहत किस प्रकार कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही और उन्हे लाभ भी प्रदान किए जा रहे है। इसके अलावा सरकारी नौकरियों के लिए युवाओं की सामान्य प्रवेश परीक्षा लेने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत युवाओं को तृतीय श्रेणी तक की परीक्षाओं के लिए उपयुक्त माना गया है। अब युवाओं को बार बार आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है और फीस भी एक ही बार ली जाती है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## साइबर फ्रॉड के लिए हेल्पलाइन 1930

**प्रभाव :** प्रदेश में ऑनलाइन फ्रॉड के नए मामले लगातार संज्ञान में आ रहे है। इसके लिए हरियाणा पुलिस लगातार लोगों को जागरूक भी कर रही है, बावजूद इसके लोग साइबर ठगों के चंगुल में फंस रहे हैं। ऐसे मामलों में बेहद जरूरी है कि विवेक का इस्तेमाल किया जाए, ताकि फ्रॉड के मामलों को रोका जा सके।

पुलिस प्रवक्ता ने लोगों से अपील करते हुए कहा, ऐसे किसी भी प्रकार नौकरी के झूठे प्रलोभन में ना आएं, बिना सोचें समझें किसी निजी जानकारी किसी के साथ शेयर न करें। प्राप्त हुए अनावश्यक लिंक को क्लिक न करें। साथ ही इन लिंक के माध्यम से ही साइबर ठग आपकी निजी जानकारी हासिल करके आपके साथ ठगी करते हैं और आपकी जमा पूंजी को हड़प जाते हैं तो ऐसे लोगों से सावधान रहना बहुत जरूरी है।

गूगल पर फर्जी नौकरियों का विज्ञापन जारी किया जाता है। जब बेरोजगार, गूगल के माध्यम से नौकरी सर्च करते हैं, तब वे साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस जाते हैं। नौकरी के लिए प्राधिकृत वेबसाइट पर ही जाएँ। जब भी सरकारी नौकरी के विज्ञापन अखबार व सरकारी वेबसाइट पर पब्लिश किये जाते है। इसके अलावा सरकार के अधिकारी और मंत्री भी घोषणा करते हैं। किसी भी झूठे प्रलोभन व फ़ोन पर आने वाले मैसेज पर कांटेक्ट करने से पहले उसकी पूर्ण रूप से पड़ताल करें। अगर कोई आप से नौकरी दिलवाने के लिए पैसे की मांग कर रहा है तो सतर्क हो जाएं।